www.evidyarthi.in

अध्याय – 6

Civics

गांव का प्रशासन

(अभ्यास – प्रश्न)

www.evidyarthi.in

प्रश्न 1. पुलिस का क्या काम होता है?

उत्तर: पुलिस का उत्तरदायित्व है कि वह अपने क्षेत्र में हुई चोरी, दुर्घटना, मारपीट और झगड़े आदि की शिकायत लिखे तथा लोगों से घटना के विषय में पूछताछ करे, जाँच-पड़ताल करें और मामलों पर कार्यवाही करे।

www.evidyarthi.in

प्रश्न 2. पटवारी के कोई दो काम बताइए।

उत्तर: पटवारी का कार्य

1.जमीन को नापना और ज़मीन का रिकॉर्ड रखना।

2.किसानों से भूमि कर इकट्ठा करता है और सरकार को अपने क्षेत्र में उगने वाली फसलों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराता है।

www.evidyarthi.in

प्रश्न 3. तहसीलदार का क्या काम होता है?

उत्तर: तहसीलदार का काम
1.तहसीलदार जमीन से संबंधित विवादों को सुनता है।

2.तहसीलदार पटवारी के काम का निरीक्षण करता है और यह सुनिश्चित करता है कि रिकॉर्ड सही ढंग से रखे जाएँ।।

www.evidyarthi.in

3. तहसीलदार यह सुनिश्चित करता है कि किसान को अपने रिकॉर्ड की नकल आसानी से मिल जाए।

4. तहसीलदार विद्यार्थियों को जाति प्रमाण-पत्र आदि प्रदान करती है।

www.evidyarthi.in

प्रश्न 4. "एक बिटिया की चाह' कविता में किस मुद्दे को उठाने की कोशिश की गई है? क्या आपको यह मुद्दा महत्त्वपूर्ण लगता है? क्यों?

एक बिटिया की चाह

विरासत में मिला यह घर
पापा को अपने पिता से
यही घर मिलेगा
मेरे भैया को मेरे पिता से

पर मैं और मेरी माँ,
हमारा क्या?
बता दिया गया है मुझे,
पिता के घर में हिस्से की बात
औरतें नहीं किया करतीं

लेकिन मुझे चाहिए एक घर अपना
बिलकुल मेरा अपना
नहीं चाहिए
दहेज में रेशम और सोना

स्रोत: *रिफ्लेक्शन्स ऑन माई फैमिली*, अंजलि मांटेरियो, *टिस, मुंबई*

www.evidyarthi.in

उत्तर: इस कविता में इस मुद्दे को उठाने की कोशिश की गई है कि पत्नी और बेटी को भी अपने पति तथा पिता की संपत्ति में हिस्सा मिलना चाहिए अर्थात् स्त्री को भी संपत्ति में पुरुषों के बराबर अधिकार मिलना चाहिए। यह एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा है, क्योंकि यह समानता के अधिकार से जुड़ा हुआ है। भारतीय संविधान में किसी भी आधार पर भेदभाव प्रतिबंधित किया, लेकिन यह लिंग के आधार पर भेदभाव है।

www.evidyarthi.in

प्रश्न 5. पिछले पाठ में आपने पंचायत के बारे में पढ़ा। पंचायत और पटवारी का काम एक-दूसरे से कैसे जुड़ा हुआ है?

उत्तर: पंचायत गाँवों के विकास के लिए योजनाएँ बनाती हैं तथा उन्हें लागू करती हैं। पटवारी गाँवों के किसानों के खेतों की जानकारी रखता है। पंचायत गाँवों की समस्याओं को दूर करने का कार्य करती है। ये समस्याएँ किसानों के खेतों से जुड़ी हुई भी हो सकती हैं। इस प्रकार पंचायत और पटवारी दोनों ही एक स्तर पर रहकर काम करते हैं।